

चित्तौड़गढ़। खेल विभाग के निदेशक के साथ फाईनल में प्रवेश करने वाली छात्राएं।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय की छात्राएं फाइनल में, पदक पक्का

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भुवनेश्वर में आयोजित सेमीफाइनल मैच में शुक्रवार को अपने प्रतिद्वंदी को हरा कर फाइनल में स्वर्ण अथवा रजत पदक जीतने के लिए स्थान पक्का कर दिया।

जानकारी के अनुसार, 48 से 51 किलोग्राम के फ्लाई वेट में मेवाड़ विश्वविद्यालय की सोनिया ने लवली पोलीटेक्निक विश्वविद्यालय की दीपा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी तरह बी.पी.ई. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली ने 64-69 किलोग्राम वेल्टर वेट कैटेगरी में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर की नीशु को नॉक आऊट कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल मुकाबला एक मार्च को होगा।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एंव शारीरिक शिक्षा तथा खेल विभाग के निदेशक प्रो.(डॉ.) अमरेश कुमार के अनुसार, भारत सरकार के युवा मामले तथा खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय खेल, 2020 में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा इस अभियान के मुख्य अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया हैं ।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्राओं की इस उपलब्धि पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय ने खेलों को बढ़ावा देने हेतु आगामी शिक्षा सत्र से खिलाड़ियों को बिना किसी शिक्षण शुल्क लिए शिक्षा प्रदान कराने का निर्णय लिया है।

Dainik Navajyoti 29-02-2020

# राज्यपाल मिश्र आज गंगरार आएंगे

## दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे

चित्तौड़गढ़ @ पत्रिका. राज्यपाल



कलराज मिश्र शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिले में आएंगे। राज्यपाल मिश्र गंगरार स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। कार्यवाहक जिला कलक्टर मुकेश कलाल के अनुसार राज्यपाल सुबह 10 बजे जयपुर से हैलीकॉप्टर से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे विवि हैलीपेड पहुंचेंगे। समारोह के बाद वे दोपहर 12.20 बजे हैलीकॉप्टर से जयपुर रवाना होंगे। समारोह की अध्यक्षता विवि के चेयरपर्सन अशोककुमार गदिया करेंगे।

Rajasthan Patrika, 29-02-2020

# रक्तदान व मशरूम ट्रेनिंग सेंटर स्थापित



गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में भंवरलाल गदिया एवं नन्दलाल गदिया की स्मृति में रक्तदान शिविर का शुभारंभ विवि के चैयरपर्सन डॉ अशोक कुमार गदिया एवं उनकी माता ने किया। गदिया ने कहा कि रक्तदान समाज सेवा का एक बड़ा स्त्रोत हैं जिसमें आप भागीदारी निभा सकते हैं। शिविर में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 205 यूनिट रक्तदान किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने पर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा द साइंस ऑफ मशरुम टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ वेल्थ एंड प्रोस्पेरिटी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं जीवन धारा ऑफ ग्रोविंग मशरूम सीकर के संयुक्त उद्यम से विश्वविद्यालय में मशरूम ट्रेनिंग सेंटर प्रारम्भ किया गया।सेंटर का उदघाटन चेयरपर्सन डॉ गदिया एवं जीवन धारा के चेयरमैन मोटा राम शर्मा द्वारा किया गया। सेंटर के प्रारंभ होने से विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान के छात्रों को एवं इच्छुक ग्रामीण जनता जो मशरुम के क्षेत्र में रोज़गार पाना चाहते हैं या खेती करना चाहते है को मशरूम से सम्बंधित प्रायोगिक ज्ञान दिया जायेगा ।

Scanned with CamScanner

# मेवाड़ विश्व विद्यालय के शिविर में 205 यूनिट रक्तदान



## मशरूम ट्रेनिंग सेंटर स्थापित

गंगरार, 28 फरवरी (जस.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में स्व. भंवर लाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय चैयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं उनकी माता ने किया।

रक्तदान शिविर में सांवलिया हॉस्पिटल चित्तौड़गढ़ के डॉ. अनिल सैनी एवं उनकी टीम द्वारा सेवाए दी गई। शिविर में विश्व विद्यालय के प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने 205 यूनिट रक्तदान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा द साइंस ऑफ मशरूम टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ, वेल्थ एंड प्रोसपेरिटी विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विश्वविद्यालय एवं जीवन धारा ऑफ ग्रोविंग मशरूम सीकर के संयुक्त उद्यम से विश्वविद्यालय में मशरूम ट्रेनिंग सेंटर प्रारम्भ किया गया। सेंटर का उद्घाटन चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं जीवन धारा के चेयरमैन मोटा राम शर्मा ने किया।

सेंटर के प्रारंभ होने से विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान के छात्रों एवं मशरुम के क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले इच्छुक ग्रामीणों को मशरूम से सम्बंधित प्रायोगिक ज्ञान दिया जायेगा। इस अवसर पर मशरुम किंग ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध मोटाराम शर्मा ने मशरूम तकनीकी से जुड़े पहलुओं पर चर्चा कर छात्रों को लाभान्वित किया।

Jannayak 29-02-2020

# फ्लाई वेट प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची छात्राएं

गंगरार, 29 फरवरी (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय की बीपीईएस की छात्राओं ने भुवनेश्वर में आयोजित अपने सेमी फाइनल मैच में शुक्रवार को अपने प्रतिद्वन्दियों को हरा कर फाईनल में खेलने का स्थान पक्का कर लिया है।

प्रतियोगिता के 48 से 51 किलोग्राम के फ्लाई वेट में विश्वविद्यालय की सोनिया ने लवली पोलीटेक्निक विश्वविद्यालय की दीपा को पराजित कर फाईनल में प्रवेश कर लिया। इसी तरह बीपीई द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली ने 64-69 किलोग्राम वेल्टर वेट कैटेगरी में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय अजमेर की नीशु को नॉक आऊट कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मुकाबला एक मार्च को होगा। मेवाड़ विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमरेश कुमार के अनुसार भारत सरकार के युवा मामले तथा खेल मंत्रालय के द्वारा खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय खेल 2020 में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा इस अभियान के मुख्य अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय ने खेलों को बढ़ावा देने हेतु अगामी शिक्षा सत्र से उज्वल खिलाड़ियों को बिना किसी शिक्षण शुल्क लिए शिक्षा प्रदान कराने का निर्णय लिया है।



Jannayak 29-02-2020

CamScanner

# शिविर में 205 यूनिट रक्तदान, मशरूम ट्रेनिंग सेंटर स्थापित

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में भंवर लाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 205 यूनिट रक्तदान किया गया।शिविर का उदघाटन विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने किया । डॉ. गदिया का मानना हैं कि रक्तदान अन्य कई दान से बढ़कर हैं क्योंकि इसमें आप जीवन दान देते हैं एवं प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए जिससे जरूरतमन्द को सहायता मिल सके एवं रक्तदान समाज सेवा का एक बड़ा स्त्रोत हैं जिसमें आप भागीदारी निभा सकते हैं। शिविर में सांवलिया हॉस्पिटल चित्तौड़ के डॉ. अनिल सैनी एवं उनकी टीम द्वारा सेवाए दी गई । शिविर में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टॉफगण एवं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया।शिविर में कुल 205 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने पर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा



गंगरार। रक्तदान करते हुए।

द साइंस ऑफ मशरुम टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ, वेल्थ एंड प्रोस्पेरिटी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसके अंतर्गत मेवाड़ विश्वविद्यालय, एवं जीवन धारा ऑफ ग्रोविंग मशरूम सीकर के संयुक्त उद्यम से विश्वविद्यालय में मशरूम ट्रेनिंग सेंटर प्रारम्भ किया गया । सेंटर का उदघाटन चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं जीवन धारा के चेयरमैन मोटा राम शर्मा द्वारा किया गया। सेंटर में मशरूम से सम्बंधित प्रायोगिक ज्ञान दिया जायेगा।

Dainik Navajyoti 29-02-2020

# मेवाड़ विश्वविद्यालय की छात्राओं ने फाइनल में किया प्रवेश



चित्तौड़गढ़ | मेवाड़ विश्वविद्यालय की बीपीईएस की छात्राओं ने भुवनेश्वर में आयोजित सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 48 से 51 किलोग्राम के फ्लाई वेट में विश्वविद्यालय की सोनिया ने लवली पोलीटेक्निक विश्वविद्यालय की दीपा को पराजित कर फाइनल् में प्रवेश किया। बीपीई द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली ने 64-69 किलोग्राम वेल्टर वेट कैटेगरी में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अजमेर की नीशू को नॉकआउट कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला एक मार्च को होगा। मेवाड़ विश्वविद्यालय खेल विभाग के निदेशक प्रो. अंमरेशकुमार के अनुसार केंद्र सरकार के युवा मामले तथा खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 2020 प्रतियोगिता हो रही है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विशवविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया ने बधाई दी।

Dainik Bhaskar 29-02-2020

# 205 यूनिट रक्तदान किया



भास्कर संवाददाता | गंगरार

मेवाड़ युनिवर्सिटी में स्व. भंवरलाल गदिया एवं स्व. नंदलाल गदिया की स्मृति के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगा। चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं उनकी माता ने उद्घाटन किया। शिविर में 205 यूनिट रक्तदान किया गया। सांवलिया हॉस्पिटल चित्तौड़ के डॉ. अनिल सैनी एवं उनकी टीम द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में युनिवर्सिटी के प्राध्यापकों, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने पर यूनिवर्सिटी के कृषि विभाग द्वारा द साइंस ऑफ मशरूम टेक्नोलॉजी फ़ॉर हेल्थ, वैल्थ एंड प्रोस्पेरिटी विषय पर संगोष्ठी भी की गई। मेवाड़ युनिवर्सिटी एवं जीवन धारा ऑफ ग्रोविंग मशरूम सीकर के संयुक्त उद्यम से युनिवर्सिटी में मशरूम ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ किया गया। उदघाटन चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं जीवन धारा के चेयरमैन मोटाराम शर्मा द्वारा किया।

Dainik Bhaskar 29-02-2020